# वर्ल्ड रैंकिंग 2026 के टॉप 200 में भारत का एक भी इंस्टीट्यूट नहीं

**नई दिल्ली**

शिक्षा के क्षेत्र में भारत वैश्वक स्तर पर कहां खड़ा इसका जवाब क्यूएस वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग में मिल सकता है। मंगलवार को जारी की गई क्यूएस वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग्स सस्टेनेबिलिटी 2026 में इंडियन इंस्टीट्यूट्स टॉप 200 में जगह बनाने में नाकाम रहे। हालांकि, ओवरऑल रैंकिंग में आईआईटी दिल्ली भारत में पहले स्थान पर रहा, उसके बाद आईआईटी बॉम्बे और आईआईटी खड़गपुर का स्थान रहा। क्यूएस वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग्स सस्टेनेबिलिटी 2026 में आईआईटी दिल्ली 83.1 अंकों के साथ ग्लोबल लेवल पर 205वें स्थान पर रहा। हालांकि, पिछले साल आईआईटी दिल्ली की रैंक 171वीं थी, जो इस बात का प्रमाण है कि दुनिया के बाकी इंस्टीट्यूट भारत के संस्थानों के काफी बेहतर प्रदर्शन कर रहे हैं। स्वीडन की लुंड यूनिवर्सिटी ने 100 अंकों के साथ पहला स्थान हासिल किया है, जबकि टोरंटो यूनिवर्सिटी 99.8 अंकों के साथ दूसरे स्थान पर रही। यूनिवर्सिटी कॉलेज लंदन तीसरे स्थान पर रहा।

ग्लोबल हायर एजुकेशन एनालिटिक्स फर्म क्यूएस द्वारा हर साल जारी की जाने वाली क्यूएस सस्टेनेबिलिटी रैंकिंग इस बात पर प्रकाश डालती है कि इंस्टीट्यूट रिसर्च, गवर्नेंस और कम्युनिटी इम्पैक्ट के जरिए एक अधिक सस्टेनेबल भविष्य में कैसे योगदान दे रहे हैं।यह रैंकिंग विश्वविद्यालयों के एनवायरनमेंटल, सोशल और गवर्नेंस इम्पैक्ट का आकलन करती है और दुनिया भर के लगभग 2,000 इंस्टीट्यूट्स का मूल्यांकन करती है। इस महीने की शुरुआत में, लंदन स्थित क्यूएस यूनिवर्सिटी रैंकिंग ने एशिया के टॉप 100 इंस्टीट्यूट्स की लिस्ट जारी की थी।

4 नवंबर को जारी रैंकिंग के अनुसार, 5 इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी, इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ साइंस, बेंगलुरु और दिल्ली विश्वविद्यालय एशिया के टॉप 100 इंस्टीट्यूट में शामिल हैं।

आईआईटी-दिल्ली, आईआईटी-मद्रास, आईआईटी-बॉम्बे, आईआईटी-कानपुर और आईआईटी-खड़गपुर टॉप 100 एशियाई इंस्टीट्यूट की लिस्ट में शामिल थे।

क्यूएस ने एक बयान में कहा, क्यूएस वर्ल्ड यूनिवर्सिटी एशिया रैंकिंग में सात भारतीय इंस्टीट्यूट टॉप 100 में, 20 टॉप 200 में और 66 टॉप 500 में जगह बनाए हुए हैं।

इसमें कहा गया है कि पिछले साल की तुलना में 36 भारतीय इंस्टीट्यट लिस्ट में ऊपर आए हैं, 16 इंस्टीट्यूट की रैंक में कोई बदलाव नहीं हुआ है, जबकि 105 इंस्टीट्यूट्स की रैंक नीचे खिसक गई हैं।

**इंडियन इंस्टीट्यूट्स की रैंकिंग**

- 1 रैंक 205 - आईआईटी दिल्ली,
- 2 रैंक 235 - आईआईटी बॉम्बे, 3 रैंक 236 - आईआईटी खड़गपुर
- 4 रैंक 241 - दिल्ली विश्वविद्यालय,
- 5 रैंक 305 - आईआईटी मद्रास
- 6 रैंक 310 - आईआईटी कानपुर
- 7 रैंक 352 - वेल्लोर इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी
- 8 रैंक 352 - आईआईटी रुड़की
- 9 रैंक 462 - आईआईएससी बेंगलुरु
- 10 रैंक 467 - मणिपाल एकेडमी ऑफ हायर एजुकेशन
- 11 रैंक 478 - अन्ना यूनिवर्सिटी




## संक्षिप्त समाचार



## एचएएल की योजना, पहले 8 तेजस एमके1ए फाइटर जेट की डिलिवरी देगा

### पहली खेप की डिलिवरी अगले 24-36 महीनों में कर दी जाएगी

**नई दिल्ली** हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) पहले 8 तेजस एमके1ए फाइटर जेट की डिलिवरी देगा। जनरल इलेक्ट्रिक (जीई) के साथ इंजनों की सप्लाई के लिए समझौता होने के बाद कंपनी की यह योजना सामने आई है। रिपोर्ट के अनुसार 8 तेजस हल्के लड़ाकू विमान (एलसीए) की पहली खेप की डिलिवरी अगले 24-36 महीनों में कर दी जाएगी। रिपोर्ट के अनुसार इसके बाद इंजन की सप्लाई चेन तेज होने के साथ ही, आने वाले वर्षों बहुत ही तेजी के साथ उत्पादन शुरु होगा। सूत्रों के हवाले से बताया गया हैं कि शुरू में उत्पादन की गति धीमी होगी, लेकिन चौथे साल से इसमें बहुत ही तेजी आ जाएगी। एचएएल और जीई के बीच 7 नवंबर को हुए समझौते के अनुसार अमेरिकी इंजन कंपनी 97 हल्के लड़ाकू विमान तेजस एमके1ए के लिए 113 इंजन देगा। शुरुआत में उत्पादन की धीमी गति भी इंजन की सप्लाई की रफ्तार के ही हिसाब से है। हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड का इंटरनल चार्ट बताता है कि बाद में यह वायु सेना को 24-24 फाइटर जेट की डिलिवरी तीन खेप में करेगा। यह डिलिवरी 37वें महीने, 49वें महीने और 61वें महीने में होगी। आखिर के 12 स्वदेशी फाइटर जेट की खेप 2031 के आखिर और 2032 के अंत के बीच होगी। इस गति से उत्पादन के लिए एचएएल की तीनों असेंबली लाइन पर काम चलेगा। 97 तेजस के लिए 113 इंजन मंगाए जाने के बारे में सूत्र ने बताया कि यह आगे की जरूरत को ध्यान में रखकर किया जा रहा है, इंजनों की एक तय शेल्फ लाइफ होती है। बाद में उन्हें बदलने की जरूरत पड़ सकती है। इसी वजह से अभी 113 इंजनों का करार हुआ है।

## सारी दुनिया की अर्थव्यवस्था संकट में?

### बैंकों में डिपॉजिट के स्थान पर नगदी सोना और चांदी रखें



**मुंबई** न्यूयॉर्क विश्व विद्यालय के प्रोफेसर अस्वथ दामोदरन के अनुसार सारी दुनिया अर्थव्यवस्था के बुरे दौर में जाने वाली है।उन्होंने चेतावनी दी है, जिस तरह के बदलाव पहली बार अर्थ व्यवस्था में देखने को मिल रहे हैं।ऐसी स्थिति में नगद पैसा अपने पास रखें। जिस तरह से मुद्रा का अवमूल्यन हो रहा है। ऐसी स्थिति में सोना या चांदी इस बुरे दौर में आपको आर्थिक रूप से सुरक्षित रख सकता है। वॉल स्ट्रीट के सबसे भरोसेमंद निवेश अर्थशास्त्री के रूप में दामोदरन की पहचान है। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा है, वर्तमान में जो भी डिपॉजिट और निवेश के साधन हैं, यह सुरक्षित नहीं रहे।ऐसी स्थिति में सोने और चांदी में निवेश ही वर्तमान में सबसे सुरक्षित है। उनका कहना है कि पैसिव इन्वेस्टिंग फंड्स और इंडेक्स फंड्स के दबदबे ने पारंपरिक डायवर्सिफिकेशन निवेश को एक तरह से खत्म कर दिया है। उन्होंने कहा, वह स्वयं पहली बार अपना पैसा कैश और फिजिकल असेट्स में निवेश कर रहे हैं। जिसमें सोना भी शामिल है। उनका मानना है कि 15 से 20 फ़ीसदी शेयर बाजार बढ़ने और ब्याज दरें स्थिर रहने के बाद भी शेयर बाजार और बैंक अब निवेश की दृष्टि से सुरक्षित नहीं रहे। वित्तीय संस्थाओं द्वारा जो आंकड़े बताये जा रहे हैं।वह वास्तविकता से बहुत दूर हैं उनका मानना है,बहुत जल्द वैश्विक अर्थव्यवस्था में कुछ बुरा होने वाला है।ऐसी स्थिति में नगद राशि और सोना-चांदी जैसी धातु ही आपके निवेश को सुरक्षित रख सकती है।

## दिल्ली के स्कूल में खेल गतिविधि पर लगे रोक........प्रदूषण पर हर माह सुनवाई करेगा सुप्रीम कोर्ट

**नई दिल्ली** देश की राजधानी दिल्ली और एनसीआर का क्षेत्र इनदिनों धुए का चैंबर बने हुए है। इस लेकर सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि नवंबर-दिसंबर में स्कूलों में होने वाले स्पोर्ट्सड कार्यक्रम पर रोक लगाना चाहिए। सुप्रीम कोर्ट ने यह आदेश सीनियर वकील अपराजिता सिंह के सवाल पर दिया। सिंह ने कहा था कि, दिल्ली में मौजूदा वक्त में प्रदूषण के स्तर को देखकर इसतरह की खेल गतिविधि बच्चों को गैस चैंबर में डालने जैसा है। सीजेआई बीआर गवई, जस्टिस के.विनोद चंद्रन और जस्टिस एनवी अंजारिया ने कहा कि, वे पॉल्यूशन को लेकर हर महीने सुनवाई करने वाले है। ताकि इसका स्थायी समाधान निकाला जा सके। इसके अलावा कोर्ट ने दिल्ली में ग्रैप-3 लागू होने के कारण बेरोजगार हुए कंस्ट्रक्शन मजदूरों को भत्ता/आर्थिक सहायता देने का भी आदेश दिया। सुप्रीम कोर्ट ने निर्देश दिया कि ग्रैप-3 लागू होने के कारण बेरोजगार हुए कंस्ट्रक्शन मजदूरों को भत्ता/आर्थिक सहायता दी जाए। राज्य वायु प्रदूषण कम करने के लिए आवश्यक रोकथाम उपाय लागू करें। कोर्ट ने निर्देश दिया कि इन उपायों की नियमित समीक्षा की जाए। सुप्रीम कोर्ट ने यह भी कहा कि वायु प्रदूषण से जुड़ा मामला हर महीने लिस्ट किया जाए, ताकि इसकी लगातार निगरानी की जा सके।

# दिल्ली धमाका केसःमनी लॉन्ड्रिंग मामले में जवाद अहमद सिद्दीकी को ईडी ने किया गिरफ्तार

**नई दिल्ली**

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने अल फलाह चैरिटेबल ट्रस्ट से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में जवाद अहमद सिद्दीकी को गिरफ्तार किया है।

जवाद अहमद सिद्दीकी की भूमिका को लेकर कई साक्ष्य सामने आए हैं, जो उनके द्वारा पारिवारिक कार्यों में धन के हेरफेर और अपराध की आय को छुपाने के पैटर्न को स्पष्ट रूप से दिखाते हैं। इन साक्ष्यों के आधार पर ईडी ने जवाद अहमद सिद्दीकी को गिरफ्तार किया। वहीं, इससे पहले नेशनल असेसमेंट एंड एक्रेडिटेशन काउंसिल (एनएएसी) ने यूनिवर्सिटी को फर्जी एक्रेडिटेशन क्लेम के लिए अल-फलाह यूनिवर्सिटी को कारण बताओ नोटिस जारी किया था। इसके अलावा, प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने भी यूनिवर्सिटी की फंडिंग को लेकर जांच शुरू की है।

यह गिरफ्तारी धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए), 2002 की धारा 19 के तहत की गई। ईडी ने इस मामले में अपनी जांच की शुरुआत दिल्ली पुलिस की अपराध शाखा की ओर से दर्ज की गई दो एफआईआर के आधार पर की थी। एफआईआर में आरोप लगाया गया था कि अल-फलाह विश्वविद्यालय, फरीदाबाद ने छात्रों और अभिभावकों को धोखा देने के लिए धोखाधड़ीपूर्ण तरीके से एनएएसी मान्यता का दावा किया था, जबकि विश्वविद्यालय को यूजीसी मान्यता प्राप्त नहीं थी।

ईडी की जांच में यह सामने आया कि अल-फलाह ट्रस्ट, जो 1995 में स्थापित हुआ था, के पास पर्याप्त वित्तीय संसाधनों का अभाव था, लेकिन इसके बावजूद इसने 1990 के दशक से लेकर अब तक जबरदस्त विस्तार किया। जांच में यह भी पाया गया कि ट्रस्ट ने अपनी आय को पारिवारिक संस्थाओं में स्थानांतरित किया और इसके लिए निर्माण तथा खानपान के ठेके अपने परिवार के सदस्य संस्थाओं को दिए।

18 नवबंर को ईडी ने दिल्ली में 19 स्थानों पर तलाशी अभियान चलाया, जिसमें अल फलाह विश्वविद्यालय और ट्रस्ट से जुड़े प्रमुख व्यक्तियों के आवासीय परिसर शामिल थे। तलाशी के दौरान ईडी को 48 लाख रुपए से अधिक की नकदी, डिजिटल उपकरण और महत्वपूर्ण दस्तावेज मिले। इसके अलावा, ट्रस्ट की ओर चलाए जा रहे कई फर्जी कंपनियों का भी पता चला।

# 60 सदस्यीय व्यापारिक प्रतिनिधिमंडल के साथ इजराइल जा रहे केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल



**नई दिल्ली**

भारत के केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल, इज़राइल के अर्थव्यवस्था एवं उद्योग मंत्री नीर बरकत के निमंत्रण पर 20 से 22 नवंबर, 2025 तक इज़राइल की आधिकारिक यात्रा पर जा रहे हैं। इस दौरे का मुख्य उद्देश्य दोनों देशों के बीच बढ़ती रणनीतिक और आर्थिक साझेदारी को और मज़बूत करना है।

केंद्रीय मंत्री गोयल के साथ 60 सदस्यीय व्यापारिक प्रतिनिधिमंडल होगा, जिसमें सीआईआई, एफआईसीसीआई, एसोचैम और स्टार्टअप इंडिया का प्रतिनिधित्व शामिल है। इस दौरान केंद्रीय मंत्री गोयल इजराइल के वाणिज्य मंत्री, बरकत और अन्य वरिष्ठ इज़राइली नेतृत्व के साथ उच्च-स्तरीय द्विपक्षीय बैठकें करने वाले है। चर्चा के मुख्य क्षेत्र व्यापार और निवेश संबंधों को बढ़ावा देना। कृषि, जल, रक्षा, उभरती प्रौद्योगिकियों, जीवन विज्ञान, उन्नत विनिर्माण, और बुनियादी ढाँचे जैसे क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाना। प्रस्तावित भारत-इजराइल मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) की प्रगति की समीक्षा करना।

केंद्रीय मंत्री गोयल इस फोरम को संबोधित करने वाले हैं, जिसका उद्देश्य निवेश को बढ़ावा देना, वाणिज्यिक संबंधों का विस्तार करना और संयुक्त उद्यम के अवसर खोजना है। सीईओ फोरम का चौथा संस्करण भी आयोजित किया जाएगा।

केंद्रीय मंत्री कृषि, विलवणीकरण, अपशिष्ट जल उपचार, साइबर सुरक्षा, स्मार्ट मोबिलिटी और बुनियादी ढाँचे जैसे क्षेत्रों में काम करने वाली कंपनियों के वरिष्ठ अधिकारियों से मिलने का कार्यक्रम है।


तेल अवीव में प्रमुख नवाचार केंद्रों और संस्थानों का दौरा भी कार्यक्रम में शामिल है। भारतीय प्रवासियों और भारतीय मूल के व्यापारिक नेताओं के साथ भी बातचीत की जाएगी। यह यात्रा भारत और इज़राइल के बीच दीर्घकालिक साझेदारी को सुदृढ़ करने और सहयोग के नए रास्ते खोलने की उम्मीद है।

# कर्पूरी ठाकुर की जन नायक उपाधि चुराने की कोशिश.........इस कारण हारी कांग्रेसः केसी त्यागी

**पटना**

जनता दल यूनाइटेड (जेडीयू) के वरिष्ठ नेता केसी त्यागी ने बताया कि बिहार चुनाव में कांग्रेस की हार का कारण राहुल गांधी पर दिवंगत कर्पूरी ठाकुर की जन नायक उपाधि हड़पने की कोशिश है।

केसी त्यागी के अनुसार, राहुल गांधी और कांग्रेस ने खुलकर समाजवादी नेता कर्पूरी ठाकुर की जन नायक की उपाधि को हड़पने की कोशिश की। उन्होंने कहा कि कर्पूरी ठाकुर को यह उपाधि उनके करीब 50 सालों के कार्यों के लिए सामाजिक रूप से पिछड़े लोगों ने दी थी, और राहुल गांधी को जन नायक के तौर पर दिखाने की कांग्रेस की कोशिश से बिहार की जनता नाराज हुई, जिसके परिणामस्वरूप कांग्रेस को हार का सामना करना पड़ा (61 में से 6 सीटें जीतीं)। जेडीयू नेता त्यागी ने चेतावनी दी कि अगर कोई महात्मा गांधी की बापू या जयप्रकाश नारायण की लोक नायक उपाधि लेने की कोशिश करेगा, तब उसका भी यही हाल होगा। इतना ही नहीं जेडीयू नेता त्यागी ने ओबीसी के मुद्दे पर कांग्रेस के अतीत और वर्तमान प्रयासों पर भी सवाल खड़े कर दिए।



उन्होंने याद दिलाया कि 1978 में जब कर्पूरी ठाकुर सरकार ने मुंगेरी लाल आयोग की रिपोर्ट लागू कर ओबीसी, ईबीसी और आर्थिक रूप से पिछड़े लोगों के लिए आरक्षण लागू किया था, तब कांग्रेस ने इसका खुलकर विरोध किया था।

# ट्रंप के भारत-पाकिस्तान जंग को रुकवाने का दांवा

## कांग्रेस का पीएम मोदी पर हमला.....60 बार कर चुके दावा

**नई दिल्ली**

कांग्रेस नेता और राज्यसभा सांसद जयराम रमेश ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप पर निशाना साधा, जब उन्होंने दावा किया कि भारत और पाकिस्तान के बीच हुए युद्ध सहित आठ युद्ध रुकवा दिए हैं। इस पर कांग्रेस नेता रमेश ने पोस्ट में लिखा कि वाशिंगटन में सऊदी क्राउन प्रिंस के साथ बैठक में राष्ट्रपति ट्रंप ने अपना दावा फिर दोहरा दिया है कि उन्होंने ऑपरेशन सिंदूर को रोकने के लिए हस्तक्षेप किया था। कांग्रेस नेता रमेश ने लिखा बेशक, ट्रंप ने यह बात पहले सऊदी अरब के साथ-साथ कतर, मिस्र, ब्रिटेन, नीदरलैंड और जापान में भी कही है, इसके अलावा कई अन्य प्रेस वार्ताओं में कही है। अब तक ट्रंप इस बात को लेकर 60 बार दावें कर चुके है।



इस बीच ट्रंप ने कहा कि हमारी सरकार ने इस कार्यालय में बहुत अच्छा काम किया है। मैंने आठ युद्ध रुकवा दिए हैं। मुझे पुतिन के साथ एक और युद्ध लड़ना है। मुझे पुतिन पर थोड़ा आश्चर्य है। इसमें जितना मैंने सोचा था, उससे ज़्यादा समय लगा। लेकिन मैंने भारत और पाकिस्तान की जंग को रुकवा दिया।

बता दें कि ट्रंप लगातार दावा करते हैं कि उन्होंने भारत और पाकिस्तान के बीच संभावित बड़े पैमाने पर युद्ध को रोकने के लिए व्यापार शुल्क का इस्तेमाल किया। उन्होंने कहा कि उनके हस्तक्षेप से 24 घंटे के भीतर संघर्ष सुलझ गया, हालाँकि भारत ने इन दावों का खंडन किया है।

# एनडीए की वापसी से बिहार में लोग खुश......उन्हें इस बात का सुकुन जंगल राज पार्ट 2 नहीं आया

## बीजेपी नेता सैयद शाहनवाज हुसैन ने दिया बयान

**नई दिल्ली**

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नेता सैयद शाहनवाज हुसैन ने बिहार में महागठबंधन पर निशाना साधकर दावा किया कि बिहार में सरकार गठन से पहले लोगों ने अपनी खुशी जाहिर की है और जंगल राज पार्ट 2 की वापसी न होने से निश्चिंत हैं। उन्होंने दावा किया कि भाजपा के राजनीतिक विरोधियों के पास कोई विकल्प नहीं है और इसकारण उन्होंने अपनी हार के लिए ईवीएम और विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) को ज़िम्मेदार माना है, जबकि एनडीए बदले में लोगों को जनादेश देने के लिए बधाई दे रहा है।

बीजेपी नेता हुसैन ने बताया कि बिहार में एनडीए की सरकार बन गई है। प्रधानमंत्री मोदी के आशीर्वाद से, नीतीश कुमार के नेतृत्व में, एनडीए ने शानदार चुनाव लड़ा। और अब, एनडीए से पहले, भाजपा विधायक दल की बैठक होगी... और फिर एनडीए की बैठक होगी। उसमें नेता का चुनाव होगा। बिहार में एनडीए की सरकार बनने जा रही है। जनता के मूड के बारे में बात करते हुए उन्होंने कहा, लोग बहुत खुश हैं, अधिकत्तर लोग इसलिए खुश हैं क्योंकि उन्हें इस बात का सुकून है कि जंगलराज पार्ट 2 नहीं आया है, और हमारे विरोधियों के पास कोई विकल्प नहीं है। वे ईवीएम को दोष दे रहे हैं, महोदय, और हम जनता का शुक्रिया अदा करते हैं।




एनडीए विधायक दल के नेता नीतीश होने की उम्मीद है, जिन्होंने पहले बिहार के मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा दे दिया था, और गुरुवार को दसवीं बार शपथ लेने वाले हैं। गठबंधन के कई नेताओं ने 20 नवंबर को होने वाले ऐतिहासिक शपथ ग्रहण को लेकर उत्साह व्यक्त किया, जिसमें प्रधानमंत्री मोदी और विभिन्न राज्यों के मुख्यमंत्री शामिल होने वाले है।

# एसआईआर के चलते 500 बांग्लादेशी भागे

## पश्चिम बंगाल में मच रही भगदड़

**कोलकाता**

पश्चिम बंगाल में बांग्लादेशी घुसपैठियों में हड़कंप मचा हुआ है। वजह ये है कि एसआईआर को लेकर यहां गहन जांच पड़ताल चल रही है।इसके तहत घर-घर जाकर बूथ लेवल ऑफिस मतदाताओं की जानकारी ले रहे हैं। इसमें पूछा जा रहा है कि क्या आपका 2003 की वोटर लिस्ट में नाम था। यदि नहीं था तो फिर आपके परिवार के किन सदस्यों का नाम था। ऐसी तमाम जानकारियां हैं, जो संदिग्ध लोग नहीं दे पाएंगे। यही वजह है कि बांग्लादेशी घुसपैठियों में इसका खौफ देखा जा रहा है। पश्चिम बंगाल से आई जानकारी के मुताबिक एसआईआर के खौफ से 500 बांग्लादेशी भाग खड़े हुए हैं। इन लोगों ने बांग्लादेश छोड़ दिया है और किसी तरह सीमा पार कर गए हैं। बीएसएफ ने यह जानकारी दी है, जिसने इन लोगों को इंटरसेप्ट किया था।

बीएसएफ का कहना है कि सीमा पर पकड़े जाने वाले लोगों को एक प्रक्रिया के तहत वापस भेजा जाता है। पहले इन लोगों की पहचान स्पष्ट की जाती है। फिर इनका बेसिक डेटा जुटाया जाता है और बांग्लादेश के अपने समकक्ष अधिकारियों से बात करने के बाद बीएसएफ की ओर से इन्हें वापस भेजा जाता है।

सोमवार को ये लोग उत्तर 24 परगना जिले के स्वरूपनगर के पास स्थित हाकिमपुर चेक पोस्ट से निकले हैं। बीएसएफ की 143वीं बटालियन ने इन लोगों के मूवमेंट को देखा तो संदेह होने पर उन्हें हिरासत में लेकर पूछताछ की। सूत्र के हवाले से लिखा है कि यह इस साल की सबसे बड़ी मूवमेंट है, जब इतनी संख्या में अवैध बांग्लादेशी भारत से निकले हैं। एसआईआर की प्रक्रिया शुरू होने के बाद बड़े पैमाने पर बांग्लादेशियों को देश छोड़ते देखा जा रहा है। बीएसएफ के



अधिकारियों का कहना है कि इन 500 लोगों ने स्वीकार कर लिया है कि वे अवैध रूप से भारत में घुस आए थे। उनके पास कोई वीजा, पासपोर्ट या पहचान पत्र नहीं है।इनमें से कई लोगों ने बताया कि वे पश्चिम बंगाल के बिराती, मध्यमग्राम, राजरहाट, न्यू टाउन और सॉल्ट लेक जैसे इलाकों में घरेलू सहायक, दिहाड़ी मजदूर और निर्माण कार्यों में लगे रहे हैं। ये इन इलाकों में सालों से रह रहे थे। इस महीने की शुरुआत में भी करीब 100 बांग्लादेशियों को बीएसएफ ने इंटरसेप्ट किया था, जो वापस लौटना चाह रहे थे।

# माडवी हिडमा की मौत के बाद फिर मुठभेड़

## मारेदुमिल्ली वन क्षेत्र में सात माओवादी मारे गए

**नई दिल्ली**

शीर्ष माओवादी कमांडर माडवी हिडमा के मारे जाने के एक दिन बाद, आंध्र प्रदेश के अल्लूरी सीताराम राजू (एएसआर) जिले के मारेदुमिल्ली के वन क्षेत्र में एक और मुठभेड़ में सात माओवादी मारे गए। खुफिया एडीजी महेश चंद्र लड्डा ने बताया कि अब तक सात माओवादी मारे गए हैं।

उन्होंने बताया कि मृतकों में तीन महिला माओवादी शामिल हैं, हालांकि पहचान की प्रक्रिया अभी जारी है। अधिकारी ने बताया कि एक व्यक्ति की पहचान मेतुरी जोखा राव उर्फ शंकर के रूप में हुई है। अधिकारी ने बताया कि श्रीकाकुलम निवासी शंकर आंध्र ओडिशा सीमा (एओबी) का प्रभारी (एसीएम) था और तकनीकी चीजों, हथियार निर्माण, संचार में विशेषज्ञता रखता था। जानकारी के अनुसार, शंकर ने आंध्र-ओडिशा सीमा (एओबी) क्षेत्र के लिए क्षेत्र समिति सदस्य (एसीएम) के रूप में कार्य किया और तकनीकी संचालन, हथियार निर्माण और संचार में विशेषज्ञता हासिल की। पुलिस अधिकारी ने बताया कि एनटीआर, कृष्णा, काकीनाडा, कोनासीमा और एलुरु जिलों में 50 माओवादियों को गिरफ्तार किया गया है, जो आंध्र प्रदेश के इतिहास में इस तरह की सबसे बड़ी गिरफ्तारी है। सुरक्षा बलों ने 45 हथियार, 272 राउंड, दो मैगज़ीन, 750 ग्राम तार और अन्य सामग्री बरामद की। उन्होंने बताया कि पुलिस छत्तीसगढ़ से माओवादी गतिविधियों पर नज़र रख रही है और उनकी गतिविधियों और ठिकानों का पता लगाने के बाद यह नया अभियान शुरू किया गया है।

